
# Wikimedia Foundation की Trust & Safety Disinformation टीम : हम कौन हैं और क्या करते है



"Wikipedia Mini Globe Handheld" by Lane Hartwell, is licensed under CC BY-SA 3.0

यह document पढ़ने के लिए धन्यवाद। यह document आपको निम्न में मदद देगा-

1. Wikimedia Foundation की भूमिका को समझना
2. यह समझना कि कैसे Wikimedia Foundation की Trust and Safety टीम volunteer और पाठक समुदायों को हो सकने वाले नुकसान और जोखिम को कम करने के लिए काम करती है
3. Disinformation (दुष्प्रचार) के बारे में अधिक जानकारी और यह जानना कि disinformation से निपटने में Wikimedia Foundation communities की मदद करने के लिए क्या कर रही है



"Community" by Jasmina El Bouamraoui and Karabo Poppy Moletsane, is licensed under CC BY-SA 4.0

## Trust & Safety टीम

Trust and Safety (T&S), Wikimedia Foundation की एक टीम है जो Wikimedia समुदाय को सुरक्षित रखने का काम करती है। इस यूनिट में कई workflow हैं जिनका उद्देश्य volunteer और पाठक समुदायों को हो सकने वाले नुकसान के जोखिम को कम करना है; Office Action Policy को लागू करना; projects में गलत सूचना और दुष्प्रचार (disinformation) को हटाने में communities की मदद करना; और global communities के अपने self-governance के लिए tools develop करना है।

Trust and Safety टीम फाउंडेशन के कई विभागों (जैसे Legal, Talent & Culture, Research, Public Policy, Product, Learning & Evaluation, और Engineering) के साथ काम करती है ताकि समस्याओं को हल किया जा सके और हानिकारक सामग्री का मुकाबला करने के लिए नए तरीके विकसित किए जा सकें। हम यह काम पहचान, निर्माण और उपयुक्त स्टाफिंग प्रक्रियाओं के माध्यम से करते हैं जो हमारे users को सुरक्षित रखती हैं। हम ऐसा Legal, Product, Engineering, Research और Learning & Evaluation के साथ एकीकृत रणनीतियों को design, develop और implement करने के माध्यम से भी करते हैं, ताकि किसी भी नुक्सान और जोख़िम को कम किया जा सके, और साथ ही साथ हमारी ऑनलाइन और ऑफलाइन communities की समग्र सुरक्षा का प्रबंधन किया जा सके।।

अन्य कामों में, Trust & Safety टीम Wikimedia projects में प्रमुख सुरक्षा मुद्दों की रिपोर्ट प्राप्त करती और संभालती है, जिसमें आत्महत्या की धमकी, हिंसा की धमकी और child pornography शामिल हैं। हमारी टीम विकिमीडिया फ़ाउंडेशन द्वारा समर्थित या funded projects और events से users को ban करने सम्बंधित policies का प्रबंधन भी करती है। Trust & Safety फाउंडेशन की अन्य टीमों के साथ user privacy और freedom के बारे में उन चिंताओं को दूर करने के लिए भी काम करती है जो कि प्रतिबंधों के स्तर तक नहीं पहुँचती।

सामुदायिक स्वायत्तता (community autonomy) का सम्मान करने और बढ़ावा देने के लिए फाउंडेशन की प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में, Trust & Safety टीम समुदाय या समुदाय-सदस्य सम्बंधित सामान्य विवादों को नहीं संभालती है, जिन्हें सामुदायिक प्रक्रियाओं (community process) के माध्यम से संबोधित किया जा सकता है, और न ही यह समुदाय द्वारा बनाई गई नीतियों और उनके निर्णय के लिए अपील करने के साधन के रूप में कार्य करती है । हालांकि हमें मदद की ज़रूरत में समुदाय के सदस्यों की सहायता करने में प्रसन्नता होती है, पर कई बार लोगों को उनकी समस्या को हल करने के लिए सही सामुदायिक स्थल खोजने में सहायता करना अधिक कारगर होता है।

इसी तरह, Foundation न तो साइटों पर content बनाती है, न ही क्यूरेट करती है, और Trust & Safety सीधे तौर पर गलत सूचना (misinformation, disinformation) की निगरानी या उसे हटाने में शामिल नहीं है। Content के प्रबंधन के लिए समुदाय के पास कई प्रक्रियाएं हैं, और हम नीचे दिए गए तरीकों में उनका समर्थन करने के लिए यहां मौजूद हैं।

Trust and Safety टीम Foundation, volunteer communities और affiliates को सहानुभूतिशील, विश्वसनीय और व्यापक सेवाएं प्रदान करने के लिए काम करती है।

WIKIMEDIA FOUNDATION



"Friendshipi" by Jasmina El Bouamraoui and Karabo Poppy Moletsane, is licensed under CC BY-SA 4.0

# Trust and Safety Disinformation Team

T&S Disinformation टीम यह सुनिश्चित करती है कि Wikimedia contributor communities को disinformation का मुकाबला करने में उचित रूप से समर्थन मिलता रहे और उनके द्वारा बनाए और क्यूरेट किए गए सूचना संसाधनों की सटीकता (accuracy) को बनाए रखने के उनके काम में मदद करती है। दुष्प्रचार, जिसे आमतौर पर धोखा देने के इरादे से झूठी या भ्रामक जानकारी साझा करने के रूप में परिभाषित किया जाता है, दुनिया भर में एक बढ़ती हुई चुनौती है। इसने कई Wikimedia projects को भी प्रभावित किया है।

हमारे volunteers को सशक्त बनाने के लिए, T&S Disinformation टीम विभिन्न भाषा समुदायों की जरूरतों के हिसाब से विभिन्न रूपों में सहायता प्रदान करती है। समर्थन के माध्यम निम्न हो सकते हैं:

1. विशिष्ट समुदायों के साथ भागीदारी करना ताकि हम disinformation से होने वाले खतरों के संबंध में उनकी वर्तमान जरूरतों या समस्याओं के बारे में जान सकें।
2. संभावित disinformation से होने वाले खतरों की पहचान करने में मदद करना और अनुरोध करने पर समुदायों की सहायता करना।
3. Community volunteer functionaries के साथ हमारी elections integrity, disinformation evaluation (Croatian विकिपीडिया की समीक्षा), और अन्य सहयोग परियोजनाओं में रुचि रखने वाली local communities के साथ जानकारी साझा करना।
4. यदि किसी समुदाय को उनके Wiki पर disinformation हमलों के दौरान आवश्यकता हो तो T&S Disinformation टीम प्रेस मुद्दों पर Foundation की Communications टीम के साथ समन्वय करने में मदद कर सकती है।
5. आवश्यकतानुसार, disinformation के खतरों से निपटने के लिए community volunteers को भाषा समर्थन प्रदान करना। उदाहरण के लिए, अन्य विकी के पदाधिकारियों, जिन्होंने अपनी स्वयं की जाँच के लिए अनुरोध किया हो, उनके लिए फ़ारसी या हिंदी भाषा में संवेदनशील सामग्री का त्वरित मूल्यांकन करना।
6. समुदायों को दुष्प्रचार-केंद्रित (disinformation focused) training देना।
7. जब भी समुदाय को लगता है कि यह उनकी शारीरिक सुरक्षा को या उनके content के प्रति disinformation से खतरा है, तो WMF Legal T&S Disinformation टीम के माध्यम से उन accounts पर, जो समुदाय के लिए खतरा पैदा करते हैं, Office Action कार्रवाई करने के लिए निर्देशित कर सकती है।

WIKIMEDIA FOUNDATION

# Wikimedia की भूमिका

फाउंडेशन की तरफ से, हम Wikipedia, Wikidata और Wikimedia Foundation के अन्य knowledge projects में योगदान देने के लिए आपका धन्यवाद करते हैं। यह आपके और आपके जैसे कई अन्य लोगों के प्रयासों के माध्यम से मुमकिन है कि हम मानव इतिहास में मुफ्त, सहयोगात्मक ज्ञान के सबसे बड़े संग्रह को host करते हैं। Wikimedians का हमारा यह समुदाय दुनिया भर में करोड़ों लोगों के लिए मुफ्त ज्ञान प्राप्त करना संभव बनाता है। एक फाउंडेशन के रूप में, हमारी भूमिका दुनिया भर के लोगों को इस समुदाय में शामिल कर और मज़बूत बनाना और उन्हें engage करना है ताकि हम educational content इकठ्ठा कर और बढ़ा सकें।

**यदि आपका कोई प्रश्न या समस्या है, या आप हमारी Trust & Safety टीमों के काम के बारे में अधिक जानना चाहते हैं, तो आप हमसे**

**ca@wikimedia.org**



"MediaWiki" by Jasmina El Bouamraoui and Karabo Poppy Moletsane, is licensed under CC BY-SA 4.0

The content contained in this publication is available under the Creative Commons Attribution-ShareAlike License v3.0 (http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/) unless otherwise stated. The Wikimedia logos and wordmarks are registered trademarks of the Wikimedia Foundation. Use of these marks is subject to the Wikimedia trademark policy and may require permission (https://wikimediafoundation.org/wiki/Trademark_policy).